| एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय<br>एर्राबोर (कोंटा) जिला -- सुकमा (छत्तीसगढ़)<br>(रा.आ.छा.शि.स. – जनजातीय कार्य मंत्रालय के अन्तर्गत एक स्वायत्त संस्थान, भारत सरकार) | | Eklavya Model Residential School<br>Errabor (Konta) Sukma (C.G.)<br>(NESTS – An Autonomous Organisation under Ministry of Tribal Affairs, Govt. of India) |
|---|---|---|

CBSE Affiliation No.- 3320294 SCHOOL CODE -17319 UDISE CODE – 22213413127 Email: emrskonta2019@gmail.com Website: www.emrserraborkonta.com

L.No./EMRS-Konta/Admn. – 09 / 2025-26 / 370 Dated: 05.03.2026

सेवा में,

श्रीमान जन संपर्क अधिकारी,
जिला:-सुकमा, छत्तीसगढ़,
494111

विषय:- एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में पार्श्व प्रवेश के समाचार हेतु |

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत के सम्बन्ध में श्रीमान जी को सूचित किया जाता है कि, सुकमा जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एर्राबोर (कोन्टा) एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बालाटीकरा (छिंदगढ़) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 7 वीं, 8वीं एवं 9वीं में रिक्त सीटों पर पार्श्व प्रवेश हेतु माननीय कलेक्टर महोदय जी से अनुमति प्राप्त होने के पश्चात् अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एर्राबोर (कोन्टा) में कक्षा 7 वीं में 1 बालक और 1 बालिका, 8वीं में 1 बालक और 1 बालिका, 9वीं में 1 बालक तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बालाटीकरा (छिंदगढ़) में कक्षा 7वीं 1 बालिका, 8वीं 1 बालिका की सीटें रिक्त हैं। इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा कर सकते हैं। फॉर्म वितरण 06 मार्च 2026 से 12 मार्च 2026 तक किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा 15 मार्च 2026 (रविवार) को प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। चयन लिखित परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन के आधार पर किया जाएगा। आवेदन फॉर्म एवं अन्य जानकारी संबंधित विद्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। अधिक जानकारी हेतु एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एर्राबोर (9460575657, 8802459570) और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बालाटीकरा (7872500629, 8010302379) में सम्पर्क कर सकते हैं।

अतः महोदय से निवेदन है कि पार्श्व प्रवेश हेतु निम्न जानकारी को जिले के समाचार पत्र में प्रकाशित करवाने की कृपा करें ताकि पात्र एवं इच्छुक विद्यार्थियों तक सूचना समय से पहुँच सके |

धन्यवाद |

05/03/26

Principal
EKLAVYA MODEL RESIDENTIAL SCHOOL
ERRABOR (KONTA)
Distt - Sukma (C.G.)

प्राचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय
विद्यालय एर्राबोर (कोन्टा)

प्रतिलिपी :

1. श्रीमान जिला कलेक्टर / सुकमा महोदय की सादर सूचनार्थ प्रेषित है |
2. श्रीमान सहायक आयुक्त / आदिवासी विकास विभाग, जिला – सुकमा को सादर सूचनार्थ प्रेषित है |

Scanned with OKEN Scanner